रवीन्द्रनाथ ठाकुर अपनी बड़ी बेटी बेला के साथ
फोटो : विलियम आर्चर (१८८८)

बाल साहित्य

कवि की बालोपयोगी रचनाओं का देवनागरी लिप्यन्तर

रवीन्द्रनाथ ठाकुर

सम्पादक

लीला मजुमदार

क्षितीश राय

भूमिका (कवि-कथा)

लीला मजुमदार

देवनागरी लिप्यन्तर और हिन्दी अनुवाद

युगजीत नवलपुरी

साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

BAL SAHITYA: A selection of Rabindranath Tagore's writings for children, compiled & edited by Smt. Lila Majumdar and Sri Kshitis Roy. Transliterated into devanagari by Sri Yugajit Nawalpuri. Introduction carries a biographical sketch of Tagore by Smt. Lila Majumdar, translated into Hindi by Sri Yugajit Nawalpuri. Frontispiece after a drawing by William Archer of Rabindranath with his eldest daughter Bela, 1888. Sahitya Akademi, (1962). Price Rs. 6/-.

प्रथम संस्करण, १९६२

विश्वभारती प्रकाशन विभाग के सौजन्य से
प्रस्तुत संस्करण का प्रकाशन

मुद्रक :
सत्यप्रकाश गुप्ता,
नवीन प्रेस, दिल्ली

मूल्य : ६ रुपये

सूची

कवि-कथा

उत्तर कलकत्ता में एक पुरानी सड़क है। उस पर बड़ी भीड़-भाड़ रहती है। ट्रामें, बसें, मोटरगाड़ियाँ, भैंसागाड़ियाँ, हाथ-ठेले आदि ठसाठस भरे रहते हैं। लोग इतने कि गिनती नहीं हो सकती। दोनों ओर के मकान सटे-सटे हैं। तिल-भर खुली जगह नहीं है। इस सड़क से एक छोटी-सी गली निकली है। गली में पैदल चलने के लिए किनारे पर पटरियाँ तक नहीं हैं। थोड़े-से घरों के बाद छोटा-सा पुराना शिवाला है। उसके बाद दो-तीन घर और हैं। फिर एक बहुत बड़े फाटक पर पहुँचकर गली खतम हो जाती है।

फाटक के भीतर विशाल तिमहला है। उसकी पाँतोंपाँत झिलमिलीदार खिड़कियाँ और लम्बे-लम्बे झरोखे फाटक से ही दिखाई पड़ते हैं। आज से नब्बे-बानवे साल पहले इस महल में एक गोरा छरहरा बालक रहता था। उन दिनों पानी बरसते समय वह गली की ओर टकटकी बाँधे यहीं कहीं खड़ा दिखाई देता। इस आस में कि ऐसी बरसात में मास्टर साहब शायद न भी आयें। पर मास्टर साहब कभी न चूकते। ठीक समय पर उनकी छतरी गली के मोड़ पर दिख जाती।

बालक का नाम था रवीन्द्रनाथ ठाकुर। घर पर लोग उसे रवि कहते थे। गली का नाम है द्वारकानाथ ठाकुर की गली और सड़क का चितपुर रोड।

महल जोड़ासाँको के ठाकुर-परिवार का मौरूसी मकान है।

पर उस छोटे बालक ने अपने महल के सभी खण्ड देखे तक नहीं थे, हालाँकि रहा सब दिन यहीं था। उसकी पहुँच महल के कुछ ही भागों तक थी—कहीं किसी एकाध आँगन, तो कहीं किसी छोटे-

से घुप्प अँधेरे कमरे तक। सँकरी चक्करदार सीढ़ियाँ ऊपर किसी अनजानी दुनिया को जाती थीं। शायद ऊपर कोई सजा-सजाया बड़ा दालान हो, जिसमें चकाचौंध रहती हो। बड़ी रात गए तक कहीं गाने-बजाने का रंग जमा रहता, कहीं नाटकों के अभ्यास चलते, तो कहीं खास-खास अतिथियों की बैठकें होतीं।

इन्हीं सबके बीच वह बालक बड़ा हुआ। भाई-बहनों में तेरह उससे बड़े थे। छोटा भाई भी एक हुआ, पर वह साल-भर का ही था कि दुनिया से उठ गया।

ठाकुर-परिवार के लोग समाज के अगुआ थे। जाति के ब्राह्मण और शिक्षा-संस्कृति में काफ़ी आगे बढ़े हुए। पर कट्टरपंथी लोग उन्हें 'पिराली' कहकर नाक-भौं सिकोड़ते थे। पिराली ब्राह्मण मुसलमानों के साथ उठने-बैठने के कारण जाति-भ्रष्ट माने जाते थे। रवीन्द्रनाथ के दादा द्वारकानाथ ठाकुर 'प्रिंस' यानी राजा कहलाते थे। उनके धन-मान की धाक देश में ही नहीं, विलायत तक में थी। रवीन्द्रनाथ के पिता देवेन्द्रनाथ ठाकुर और भी प्रसिद्ध हुए। सन्तों-जैसे चरित्र और विद्या के कारण वह 'महर्षि' कहलाते थे।

कभी धन भी इस परिवार में अपार था। बहुत बड़ी जमींदारी थी। जोड़ासाँको वाला महल द्वारकानाथ के दादा ने बनवाया था। हालत में गिरावट आ जाने पर भी जो दौलत बच रही थी, वह कोई कम न थी। फिर भी कवि का बचपन, परिवार के और बच्चों की ही तरह, बड़ी सादगी में बीता। जाड़ों में भी वे सूती कपड़े ही पहनते। काफी बड़े हो जाने तक जूते-मोजे कभी नहीं पहने। खान-पान में भी विलास की बला का नाम तक न था।

पर इस सादगी के चारों ओर भरपूर विलास का वातावरण था। विलास की उस दुनिया में बड़े तो अबाध विचरते, पर छोटों के लिए ताक-झाँक तक की मनाही थी। किसी गाने की एकाध कड़ी या नाटक का एकाध वाक्य इन छोटों के कानों में आ पड़ता तो ये जिज्ञासा और आनन्द के मारे बेसुध हो उठते। संयम सिखलाने का

यह बड़ा अच्छा ढंग था।

शिशु से बढ़कर बालक होते ही रवि हवेली से बाहर कर दिये गए। उन्हें महिलाओं की देख-भाल से छुट्टी दिलाकर नौकरों के हवाले कर दिया गया। उन दिनों धनी घरों की यही रीत थी। रवि को खिलाने-पिलाने आदि का भार भी नौकरों पर ही था। रात को सिर्फ सोने के लिए वह माँ के पास जा पाते। सोते समय एक बूढ़ी दादी उन्हें परियों की कहानियाँ सुनाया करतीं। नौकरों के हाथों उन्हें बहुत कष्ट मिलता था। बचपन के संस्मरणों में उन्होंने इस जमाने को 'भृत्यराजक तन्त्र' के रूप में याद किया है।

संगी दो थे—एक भाई, एक भानजा। दोनों उम्र में बड़े थे। उनके स्कूल में दाखिल होने पर रवि ने भी स्कूल जाने की हठ ठानी। इस पर मास्टर साहब ने एक तमाचा जड़ दिया। कहा: "आज तू स्कूल जाने के लिए जितना रो-धो रहा है, कल स्कूल छोड़ने के लिए उससे अधिक सिर धुनेगा!" हुआ भी ठीक वही।

स्कूल जेल लगता था। श्री-हीन बन्द घर की बँधी-बँधाई पढ़ाई सहन नहीं होती थी। हमेशा निकल भागने की धुन सवार रहती। तीन स्कूल आजमा लेने के बाद स्कूली पढ़ाई को तिलांजलि दे दी। घर वाले बहुत खीझे। कहा: "इस लड़के से दुनिया में कुछ न होगा।"

रवि को स्कूल नहीं भाते थे, पर पढ़ाई-लिखाई में जी खूब लगता था। पढ़ना-लिखना तो दिन-भर चलता ही रहता। सुबह घण्टे-भर अखाड़े में जोर करने के बाद बँगला, संस्कृत, इतिहास, भूगोल, विज्ञान, स्वास्थ्य-विज्ञान, संगीत, चित्र-कला आदि की सिखाई-पढ़ाई होती। पीछे अंग्रेजी साहित्य भी इस सूची में आ गया। जहीन तो वह एक ही थे। जो सिखाया जाता, हाथों-हाथ सीख लेते और कभी भूले से भी भूलने का नाम न लेते। हाँ, स्कूल में बन्द होना और वहाँ की जबरदस्ती की पढ़ाई उन्हें बिलकुल नापसन्द थी। और स्कूल में समय भी कितना नष्ट होता था!

साढ़े ग्यारह साल के हुए तो जनेऊ हुआ। घुटे हुए सिर पर न चाहते हुए भी टोपी पहननी पड़ी। उसी भेस में पिताजी के साथ खुशी-खुशी हिमालय गये। पहले वे पश्चिम बंगाल के बोलपुर नामक स्थान पर पहुँचे। महर्षि ने बोलपुर के पास ही शान्ति और ध्यान के लिए एक आश्रम बनाया था, जिसका नाम था 'शान्तिनिकेतन'। उस यात्रा में पिताजी ने रवि को संस्कृत, अंग्रेजी और गणित-ज्योतिष के साथ-साथ जवाबदेही सँभालने की शिक्षा भी दी। उसी यात्रा में रवीन्द्रनाथ ने राजा पृथ्वीराज की ऐतिहासिक पराजय के बारे में एक पद्य-नाटक लिखा। इससे पता चलता है कि नवोदित कवि ने देश के भाग्य की चिन्ता करना कितना पहले से शुरू कर दिया था।

कुछ महीने बाद हिमालय से लौटने पर रवीन्द्रनाथ बिलकुल बदले-से लगे। अब वे बालक रवि तो बिलकुल नहीं थे। लेकिन स्कूल जाने में उन्हें अब भी उतनी ही आपत्ति थी।

उसके अगले साल उनकी माँ चल बसीं। लेकिन माँ के बिछोह के बाद प्यार का अभाव खल नहीं पाया। पिता थे, एक-से-एक सनेही बड़े भाई थे, भाभियाँ थीं, जीजियाँ थीं। रवि पर सबका प्यार पहले से अधिक बढ़ गया। तब से रवि की प्रतिभा धीरे-धीरे लगातार विकसित होती गई। पंखुड़ी-पंखुड़ी खुलते फूल की तरह।

पन्द्रह साल की उम्र में उन्होंने पहले-पहल जनता के सामने कविता-पाठ किया। अवसर था हिन्दू-मेले का। इस राष्ट्रीय मेले का संगठन उनके बड़े भाइयों की मित्र-मण्डली ने किया था। कविता अपनी ही रची हुई और राष्ट्रीय भावों से भरी थी। सुनने वाले मुग्ध हो उठे। उसके बाद उन्होंने 'वनफूल' नाम की एक लम्बी कविता लिखी, जो पद्यबद्ध कहानी थी। साथ ही 'वैष्णव पदावली' के अनुकरण पर अनेक बड़े ही अच्छे पद लिखे और उन्हें 'भानुसिंहेर पदावली' नाम दिया। बहुत लोगों ने यह विश्वास कर लिया कि 'ब्रजबुलि' में लिखे ये पद सैकड़ों वर्ष पहले के किसी कवि के हैं। पर वास्तव में भानुसिंह तो रवीन्द्रनाथ ही थे। इस बात की जानकारी

होने के बाद भी लोगों को यह विश्वास नहीं हो पाता था कि सोलह-सत्रह साल के लड़के ने इतने सुन्दर पद रचे होंगे !

रवीन्द्रनाथ अच्छे अभिनेता भी थे। भाइयों और मित्रों के लिखे हुए और उन्हींके शौकिया खेले हुए नाटकों में काम किया। रंगमंच पर वे कई बरस बाद उतरे।

मन उनका संगीत में सराबोर था ही, गला भी बड़ा ही मधुर था। बचपन से ही वे गीत लिखने, उनके स्वर बाँधने, साधने और अत्यन्त ललित कण्ठ से उन्हें गाने लगे थे।

गीतों की रचना जीवन-भर करते रहे। अनगिनत गीत लिखे हैं उन्होंने। धर्म-संगीत, प्रकृति की वन्दना, देश-प्रेम के गाने, अनेकानेक अवसरों-अनुष्ठानों के गीत। आज भी उनके गीत उसी तरह बेजोड़ हैं। ऐसे और इतने गीत कभी किसी ने भी नहीं लिखे।

छुटपन में ही उन्होंने यह विख्यात ब्रह्म-संगीत लिखा था :

"नयन तोमारे, पाय ना देखिते रयेछ नयने-नयने।"

(देख न पाते नयन तुम्हें बसे हो नयन-नयन में।)

इसे सुनकर उनके पिता इतने पुलकित हुए थे कि आँखें छलछलाकर कहा था, "देश का शासक यह भाषा जानता तो समझता कि कवि को क्या पुरस्कार दिया जाना चाहिए। मैं तो यह विनम्र उपहार-मात्र दे सकता हूँ।" और यह कहकर उन्होंने पाँच सौ रुपये भेंट किये।

इस तरह रवीन्द्रनाथ अपनी जनता के कवि का आसन लेने की तैयारी करते रहे। पर बड़े-बूढ़े फिर भी कुछ-कुछ निराशा ही महसूस करते थे। कहते : "इससे क्या होना-जाना है ? ज़रूरत तो यह है कि कोई ऊँची परीक्षा पास-वास करके किसी बड़े सरकारी पद पर जम ले।" इसी आशा से उन्हें विलायत भेजा गया कि पढ़कर बड़ा अफ़सर या बैरिस्टर बने। उस समय रवि सत्रह साल के थे।

रवीन्द्रनाथ विलायती सामाजिक जीवन में आँख मूँदकर

कूद पड़े और उसीमें मगन हो गए। नाच, गान, साहित्य आदि हर विषय की तह तक गए। बहुत लोगों से मिले-जुले। वहाँ से जो चिट्ठियाँ भेजीं, वे 'इग्रोरोप प्रवासीर पत्र' नाम के संग्रह में छपी हैं। इन चिट्ठियों से प्रकट है कि कच्ची उम्र होने पर भी वे वहाँ के जीवन और रीति-नीति को कितनी सावधानी और सूझ-बूझ के साथ देख-परख रहे थे। लेकिन पढ़ाई पूरी करने के पहले ही वह १८८० में वापस बुला लिये गए।

देश लौटते ही उन्होंने 'वाल्मीकि प्रतिभा' की रचना की। इस सुन्दर गीति-नाट्य में दिखाया गया है कि 'रामायण' के रचयिता वाल्मीकि डाकू से महाकवि कैसे हुए। गीति-नाट्य में शब्द बोले नहीं जाते, गाये जाते हैं। रवीन्द्रनाथ ने अपने जीवन में अनेक गीति-नाट्य लिखे हैं। साथ ही ऐसे नृत्य-नाट्य भी लिखे हैं, जिनमें गीत ही नहीं नृत्य भी कथा के भावों को प्रकट करते हैं।

अगले साल उन्हें विलायत भेजने की एक और कोशिश हुई। मगर वह कोशिश बेकार गई। इधर युवक कवि ने कुछ नाम कमाना भी शुरू कर दिया था। उनके गीतों के दो संग्रहों 'सान्ध्य संगीत' और 'प्रभात संगीत' की बड़ी प्रशंसा हुई। 'निर्झरेर स्वप्नभंग' नाम की कविता भी इन्हींमें थी। सूरज की गरमी से बर्फ के पिघलने पर झरने का पानी जिस उद्दाम आनन्द से उछल पड़ता है, उसीका वर्णन इस कविता में है। इसे पढ़कर दुनिया ने समझ लिया कि कवि ने अपने-आपको पा लिया है, उसके भीतर का झरना अब उमड़ पड़ा है और आजीवन बहता रहेगा।

बच्चों के लिए उनकी पहली कविता 'बिष्टि पड़े टापुर-टुपुर' भी उन्हीं दिनों की है। पीछे तो उन्होंने बच्चों के लिए 'शिशु भोलानाथ' आदि अनेक कविता-पुस्तकें लिखीं।

फिर कई बरसों में उन्होंने भारत के अनेक भागों को घूम-घूमकर देखा। बाईस बरस के हुए तो मृणालिनी देवी के साथ उनका ब्याह हुआ। ब्याह के थोड़े ही दिन बाद वह फिर विलायत हो

आए। उन दिनों कई बड़ी अच्छी-अच्छी किताबें लिखीं। बच्चों का उपन्यास 'राजर्षि' उन्हीं दिनों का है। पीछे इसी उपन्यास को 'विसर्जन' नाम के नाटक का रूप दिया। इसमें दिखाया गया है कि पशु-बलि कितना क्रूर और मूर्खतापूर्ण काम है। एक पर एक कविता कहानी उनके मानस में कमल की कलियों की तरह खिलने लगी।

धीरे-धीरे लोगों ने महसूस किया कि रवीन्द्रनाथ महान् कवि ही नहीं, विचारक और सुधारक भी हैं। इस बीच दुशमन भी उनके बहुत-से बन गए थे। वे अनेक पत्रिकाओं में उनके खिलाफ बड़ी निर्मम आलोचनाएँ लिखने लगे। उन्हें यह सहन नहीं होता था कि कोई पुरानी लीक छोड़कर चले और सहज सरल, मधुर और नये ढंग की बँगला में नये भाव प्रकट करे। लेकिन युवक कवि की चिन्ता-धारा बड़ी बलवती थी। वह गालियों की कोई परवाह नहीं करती थी। निडर होकर अपने-आपको प्रकट करती थी।

क्या नये में और क्या पुराने में, जहाँ जो उत्तम होता, उसी की तलाश उन्हें रहती थी। कभी कुछ भूलते वे शायद ही थे। बरसों बाद भी भूत-प्रेतों, बाघों और घड़ियालों की वे कहानियाँ उन्हें याद आतीं, जिन्हें कभी किसी मछुए या महरी से सुना होता। यही चीज़ें साहित्य का उपकरण बनती हैं। देश की रक्त-मज्जा में बहने वाली इन कहानियों ने उनके साहित्य में बड़ी ही प्यारी महक भर दी है।

अपने देश से उन्हें बड़ा गहरा और उत्कट प्रेम था। अपने देश के आदर्शों, उसकी भाषा और उसकी जनता की विद्या का आदर करते थे। पर साथ ही, बाहर कहीं से भी मिले ज्ञान का वे स्वागत करते थे। विज्ञान को और विचार की स्वतन्त्रता को पश्चिम की जो देन है, उसके लिए वह पश्चिम के प्रति भी श्रद्धावान् थे।

उनके पाँच सन्तानें हुईं। यह जवाबदेही कोई कम न थी। सबके पढ़ने-लिखने की व्यवस्था उन्होंने घर पर ही की। कारण यह था कि उन्हें अपने बचपन के दिन भूले नहीं थे, यह अच्छी तरह याद था कि स्कूल जाने में कितना दुःख होता है।

ज़मींदारी के काम से उत्तर और पूर्व बंगाल तथा उड़ीसा के दूर-दराज़ देहात के चक्कर लगाने पड़ते थे। अक्सर महीनों तक पद्मा की धार पर तैरते अपने नाव-घर में रहा करते। वहीं से उन्होंने नदी-तट के जीवन का रंगारंग दृश्य देखा। देखा कि धरती के लाल कैसे जीते हैं और उनके सीधे-सादे हर्ष-विषाद क्या हैं।

इस तरह बंगाल के देहात और देहातियों के जीवन से उनका बड़ा ही गहरा और गाढ़ा परिचय हो गया। उन दिनों जो मनोहर कहानियाँ उन्होंने लिखीं, वे इसी परिचय के फल हैं। ग्रामीण भारत की समस्याओं के बारे में उनकी समझदारी और किसानों, देहाती दस्तकारों आदि की भलाई की आकुल चिन्ता भी इसी प्रत्यक्ष सम्पर्क से पैदा हुई थी। शिक्षा के मामले में भी उनका यह विचार धीरे-धीरे सुस्पष्ट होता गया कि बच्चों का लालन-पालन सीधे-सादे देहाती वातावरण में, प्रकृति की गोद में, होना चाहिए। पुराने ज़माने के आश्रमों के आदर्श पर।

आखिरकार उन्होंने शांतिनिकेतन में अपने मन के अनुरूप विद्यालय बना लिया। इसके लिए उन्हें अनेक कुरबानियाँ करनी पड़ीं। पुरी वाला मकान बेचना पड़ा। मृणालिनी देवी ने अपने गहने उतारकर दे दिए। १९०१ से विद्यालय चालू हो गया। वही विद्यालय अब बढ़ते-बढ़ते विशाल विश्वभारती विश्वविद्यालय बन गया है।

उन दिनों कवि तो पढ़ाते थे और कवि-पत्नी विद्यालय की गिरस्ती सँभालती थीं। दो-तीन कोठियाँ और कई कच्चे झोंपड़े थे। पढ़ाई पेड़ों के नीचे होती थी। अब भी कक्षाएँ पेड़ों के नीचे ही लगती हैं।

धीरे-धीरे कई गुणी सहकर्मी आ जुटे। वे भी आदर्श के लिए सांसारिक सुख की आशा छोड़कर आये थे। छात्र-संख्या बढ़ी। शिक्षण के विविध नियमों के परीक्षण होने लगे। विद्यालय चल निकला।

फ़ीस मामूली-सी ली जाती थी। शिक्षक भी बहुत मामूली

वेतन लेते। खान-पान और पहनावे निहायत सादे थे। सभी नंगे पाँव रहते। पर आनन्द की मात्रा प्रचुर थी। गुरु-शिष्य-सम्बन्ध प्यार-भरे थे, मानस के विकास के लिए अनन्त अवकाश था।

विद्या किताबी पढ़ाई तक ही सीमित नहीं थी। बाग़बानी, शरीर-साधन, खेल-कूद, समाज-सेवा, प्रकृति का अध्ययन और उसके आनन्दों का उपभोग आदि भी पढ़ाई में ही शामिल थे।

विद्यालय के जीवन में संघर्ष की कठोरता होने पर भी आनन्द-ही-आनन्द था। रुपये-पैसे का अभाव बना ही रहता था। कवि तो अपना सर्वस्व दे ही डालते थे, दूसरे बन्धु-बान्धव भी कुछ-न-कुछ जुटाते रहते थे। जैसे-तैसे काम चल जाता था।

आश्रम बने साल-भर भी नहीं हुआ था कि मृणालिनी देवी का देहान्त हो गया। माँ के बिछोह से मर्माहत सन्तानों को कवि ने गले बाँध लिया और पिता होने के साथ-साथ अब माँ भी वह आप ही हो गए। तभी उन्होंने बच्चों के लिए इतनी सुन्दर कविताएँ लिखीं।

१९०३ से १९०७ तक बड़े दुःख के दिन थे। दूसरी लड़की रेणुका, पूज्य पिताजी और सबसे छोटा लड़का शमी, तीनों एक-एक करके चल बसे और कवि को गहरा शोक दे गए। पर पारिवारिक शोक से उन्होंने न तो जी छोटा किया और न ही मन में कोई कड़वाहट आने दी। इन वर्षों में भी, एक-से-एक लाजवाब पुस्तकें लिखीं।

कवि पारिवारिक कर्त्तव्य तो पालते रहे, पर परिवार में बँधे नहीं रहे। देश-प्रेम उन्हें परिवार से बाहर भी ले गया। स्वदेशी-आन्दोलन में वे पूरी तरह रम गए और उसके पुरोहित बन गए। राष्ट्रीय आज़ादी के आन्दोलन, बंग-भंग-विरोधी-आन्दोलन और राष्ट्रीय शिक्षा के आन्दोलन में उन्होंने नेता का काम सँभाला।

देश को बड़प्पन देने वाले हर काम में उनके उत्साह का कोई ठिकाना न रहता था। लेकिन दलगत राजनीति की उखाड़-पछाड़ को वे सह नहीं पाते थे। किसी भी तरह के कठमुल्लेपन या सामाजिक संकीर्णता को वे पास तक फटकने नहीं देते थे। इसीलिए

वे राजनीति को छोड़कर रचनात्मक देश-सेवा में जी-जान से जुट पड़े।

पर शैक्षणिक-सामाजिक कामों के कारण साहित्यिक काम में कभी कोई रुकावट नहीं आने दी। कलम ने कभी रुकने का नाम न लिया। एक-पर-एक कविताओं, गीतों, उपन्यासों और नाटकों की रचना बराबर चलती रही। 'गीतांजलि' के गीतों और आज के हमारे राष्ट्रीय गीत 'जन-गण-मन' की रचना उन्हीं दिनों हुई। कवि के जीवन के प्रथम पचास वर्षों ने ही साहित्य के भंडार को भरपूर भर दिया था, लेकिन उनकी वास्तविक ख्याति बाद में हुई।

कवि ने कुल ग्यारह बार विदेश-यात्राएँ कीं। १९१२ की यात्रा में कई नामी अंग्रेज लेखकों, कलाकारों और विचारकों से उनकी गाढ़ी मित्रता हो गई। प्रसिद्ध कवि येट्स और कलाकार रोथेन्स्तायन उनके सबसे श्रद्धावान् प्रशंसक बन गए। उन्हींके प्रोत्साहन से कवि ने अपने कुछ गीतों और कविताओं के अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित किये। ये रचनाएँ 'गीतांजलि' नाम से प्रकाशित हुईं। (इस नाम से एक बँगला-गीत-संग्रह पहले ही प्रकाशित हो चुका था।) अंग्रेजी 'गीतांजलि' का विदेशी पाठकों पर बड़ा गहरा प्रभाव पड़ा इस पर कवि को 'नोबेल पुरस्कार' मिला, जो संसार का सबसे ऊँचा और सबसे अधिक लोभनीय पुरस्कार है।

पुरस्कार में प्राप्त एक लाख बीस हजार रुपये की पूरी रक़म कवि ने शान्तिनिकेतन आश्रम के कामों में लगा दी। शान्ति-निकेतन के नाम पर यह धन एक ग्राम-सहकारी बैंक खोलकर उसी में रखा गया, ताकि देहातियों का उपकार हो और उन्हें सस्ते ब्याज पर ऋण मिला करे। इस तरह उन्होंने एक ही साथ अपने आश्रम और देहातियों, दोनों की सहायता की। दोनों से उन्हें बड़ा ही अगाध प्रेम था।

बंगाल के गाँवों में नवजीवन लाने की योजना कवि के मन में बहुत दिनों से थी। आखिर शान्तिनिकेतन के पास सुरूल गाँव में इसे अमली रूप भी दिया जा सका। 'श्रीनिकेतन' नाम से

ग्रामीण पुनर्निर्माण का एक प्रतिष्ठान खोला गया। विज्ञान की सहायता से उपज बढ़ाने और वहाँ की दस्तकारी को उन्नत करने के लिए प्रयोग-परीक्षण शुरू किये गए। यह काम आज भी अबाध गति से चालू है। शान्तिनिकेतन और श्रीनिकेतन परस्पर सहयोगी संस्थान हैं। उनमें कवि के शिक्षण-सम्बन्धी और सामुदायिक विकास-सम्बन्धी विचारों को क्रियान्वित किया जाता है।

कवि के दिन बड़ी व्यस्तता में बीतते थे। विश्व-विख्यात हो जाने पर भी वह शान्तिनिकेतन में ही रहते और बच्चों को पढ़ाते थे। उनके साहित्यिक काम में भी एक नया ज्वार आ गया तथा उन्होंने गद्य-पद्य में ऐसी सुन्दर कृतियाँ भेंट कीं, जिनसे बँगला साहित्य के लिए नई दिशाओं के द्वार खुल गए। उन्हीं दिनों गांधीजी से कवि का व्यक्तिगत परिचय हुआ। १९१५ के शुरू में गांधीजी शान्तिनिकेतन आये। उस समय गांधीजी के दक्षिण अफ्रीका वाले फोनीक्स आश्रम के छात्र शान्तिनिकेतन में ही थे। उस समय दोनों महापुरुषों में जो मित्रता हुई, वह दिन-दिन बढ़ती ही रही।

१९१५ में अंग्रेजी सरकार ने कवि को 'सर' की उपाधि दी थी। पर १९१९ में जलियाँ वाला बाग़ का गोली-काण्ड हुआ, जिसमें अनेक निर्दोष और निहत्थे भारतीय गोलियों से भून दिये गए। शोक, लज्जा और रोष से आकुल कवि ने 'सर' की उपाधि लौटा दी। उपाधि लौटाते हुए जो पत्र उन्होंने अंग्रेज बड़े लाट को लिखा था, उसमें जनता पर किये गए अत्याचारों का बड़ा ही प्रबल और पौरुष-भरा प्रतिरोध किया था। वह पत्र अविस्मरणीय अभिलेख है।

अपनी ग्यारह विदेश-यात्राओं में कवि ने लगभग सारी दुनिया घूम ली थी। रूस-समेत पूरा यूरोप, अमरीका के दोनों महाद्वीप और एशिया के चीन, जापान, मलाया, जावा, ईरान, पश्चिम एशिया आदि अनेक देशों में वे हो आए थे। दुनिया को जितना ही देखा, उतना ही उनका यह विचार पक्का होता गया

कि सभी देशों की जनता में मित्रता और भाव-भावना की खुली लेन-देन हुए बिना संसार में सुख-शान्ति की आशा करना फ़िज़ूल है।

इसी आदर्श पर उन्होंने १९२१ में शान्तिनिकेतन के विश्व-भारती विश्वविद्यालय की स्थापना की। कवि की आन्तरिक अभिलाषा यह थी कि विश्वभारती में संसार के सभी देशों की शिक्षा-संस्कृति के दूत एकत्र हों। विश्वभारती के आदर्श-वाक्य के रूप में उन्होंने संस्कृत का यह वाक्य चुना : "यत्र विश्वम्भवत्येकनीड़म्"; अर्थात् "जहाँ सारा संसार एक ही घोंसले का पंछी बन जाय !"

कर्म का मन्त्र लेकर पैदा हुए थे, जीवन-भर कर्म में ही लगे रहे। कौन कहता है कि कवि सपनीले आलसी होते हैं? लगभग सत्तर साल की उम्र में, जब अधिकतर लोग अपने जीवन के काम पूरे करके विश्राम करते हैं, कवि ने एक नई कर्म-यात्रा शुरू की। वे चित्रकारी में लग पड़े और एक-से-एक विलक्षण हज़ारों चित्र बना डाले, जिन्हें देखकर सारी दुनिया चकित रह गई।

चित्रकारी के लिए उनका मन इतना आकुल हो उठता था कि चित्रकारी के सामान जुटा लेने तक राह देखना भी उनके लिए दूभर हो उठता था। जो-कुछ मिल जाता, उसीसे चित्र बनाने लगते। कागज़ न मिलने पर पुरानी पत्रिका की जिल्द पर तथा रंग न रहने पर कलम-स्याही से ही चित्रकारी करते। इस तरह उन्होंने दो हज़ार से भी अधिक चित्र बनाये, जो जितने सुन्दर और मनोहारी हैं, उतने ही विविध भी हैं।

तब तक दुनिया ने कवि की प्रतिभा का लोहा मान लिया था। बंगाल की जनता तो उन पर जी-जान से निछावर थी। उसने बड़ी धूमधाम से उनकी सत्तरवीं सालगिरह बनाई। बड़ी-बड़ी सभाएँ हुईं, नाटक खेले गए, उनके चित्रों की प्रदर्शनी लगी, विशेष प्रकाशन हुए, व्याख्यान हुए, क्या-क्या न हुआ। दूर-दूर देशों से अतिथि और शुभ-कामनाओं के संदेश आए।

समारोहों के ऐन बीच में ख़बर आई कि गाँधीजी आदि

राष्ट्र-नेता गिरफ़्तार हो गए हैं। कवि को बड़ा गहरा सदमा पहुँचा। उन्होंने समारोह के सभी आनन्द-उत्सव बन्द करा दिए।

यह बात १९३१ की है। उस समय दुनिया में गांधीजी के सिवा कोई भी ऐसा तीसरा व्यक्ति नहीं था, जो रवीन्द्रनाथ की तरह इतना सर्व-जन-स्वीकृत महापुरुष रहा हो।

इस तरह दिन बीतते रहे। बड़े कठिन दिन थे वे भी। देश स्वाधीनता की उस घमासान लड़ाई में लगा हुआ था, जिसके नेता महात्मा गाँधी थे। पशु-शक्ति के दानव, फ़ासीवाद और नात्सीवाद ने सारी दुनिया में सिर उठाना शुरू कर दिया था। वे मानव-अधिकारों को निगल जाने पर तुले थे। कवि के सभी आदर्शों और मान्यताओं को पैरों-तले रौंदा जा रहा था। यह उनकी आत्मा के लिए बड़ी कठिन यातना का कारण था। तिस पर बुढ़ापे और गिरे हुए स्वास्थ्य के कष्ट तो थे ही। लेकिन कवि ने अन्त-अन्त तक मानव के भविष्य में विश्वास का झंडा बुलन्द रखा। उनके अन्तिम उद्गारों में से अनेक ऐसे हैं, जो इस अडिग विश्वास के ज्वलन्त प्रमाण हैं और जो देशवासियों के प्रति उनके विदा-कालीन उपहार के रूप में अमर रहेंगे।

७ अगस्त १९४१ को राखी के दिन कवि ने अपनी आँखें, मूँद लीं। वही आँखें, जिनसे अस्सी बरस तक उन्होंने दुनिया का न जाने कितना सौन्दर्य देखा था! जोड़ासाँको के जिस पुराने महल में वे आँखें दुनिया के प्रथम दर्शन के लिए खुली थीं, उसीमें अंतिम बार बन्द भी हुईं। बँगला पञ्चांग के अनुसार कवि की जन्म-तथि पच्चीस वैशाख और निधन-तिथि बाईस श्रावण को पड़ती है। उस 'बाइशे श्रावण' को सारा देश शोक से मुरझा गया था। तब तक दूसरा विश्व-युद्ध समाप्त नहीं हुआ था। कवि को वह दिन देखना नसीब न हुआ, जब उनके विश्वास की विजय हुई और देश स्वाधीन हुआ। इन्हीं दो चीज़ों के लिए कवि ने आजीवन संघर्ष किया था।

उनका जीवन उदात्त रहा और मृत्यु का स्वागत उन्होंने निर्भय होकर किया। मृत्यु की अगवानी का आभास पाकर उन्होंने एक गीत लिखा और इच्छा प्रकट की कि यही गीत मेरी मृत्यु पर गाया जाय। उस गीत की पहली कड़ी यह है :

"समुखे शान्ति-पारावार——
भासाओ तरणी हे कर्णधार।"
(सामने शान्ति-पारावार——
खोल दो नैया कर्णधार।)

(जिसे कवि ने आजीवन प्यार किया था, जिसे वे अपना प्रेम-पात्र, मित्र और मार्ग-दर्शक मानते रहे थे, उसी) ईश्वर को 'कर्णधार' बनाकर हमारे कवि इस 'तरणी' पर सवार हुए और 'शान्ति-पारावार' में उतरकर महा-अजाना (विराट् अज्ञात) की ओर चले गए।

किसी के जीवन की सभी घटनाएँ कहकर सुनाने-भर से ही उस व्यक्ति का सच्चा परिचय नहीं मिल पाता। रवीन्द्रनाथ कैसे आदमी थे? सुन्दर और कद्दावर थे, गठन के सुडौल और काठी के बलिष्ठ थे, आँखों में स्निग्धता और दमक थी, स्वर गम्भीर और मधुर था। उनका रस-बोध बड़ा ही उज्ज्वल था। हँसी की बात करते तो सारा मुख-मण्डल दमक उठता था। आँखें दिप उठती थीं। हाजिरजवाबी में उनका जवाब नहीं था।

लेकिन जब तन्मय होकर कुछ लिखने बैठते तो ऐसा लगता कि किसी और ही दुनिया में पहुँच गए हैं। नहाना-धोना, खाना-पीना और सोना तक भूल जाते। उस समय उनके पुराने वफ़ादार नौकर के सिवा किसी को भी पास जाने का साहस नहीं होता था।

लेकिन यह साधना सिर्फ़ पुस्तकों, लेखन, संगीत या चित्र-कारी तक ही सीमित नहीं थी। वह तो समस्त जीवन को ही एक कलाकृति बना डालने की धुन में थे। और कला उनके लिए 'सत्यम् शिवम् सुन्दरम्' की आन्तरिक झाँकी थी।

जनता के प्रति उन्हें जो अगाध प्रेम था, उसके दर्शन उनकी रचनाओं में ही नहीं बल्कि उनके जीवन के प्रत्येक कार्य-कलाप में होते थे। नये क्षितिजों के द्वार तो उन्होंने मुक्त किये ही, अपने देश के प्राचीन और मनोरम अनुष्ठानों, सजावटों, वेश-भूषाओं, साहित्य, शिल्प-कला, संगीत, पर्वों-त्योहारों आदि के पुनरुद्धार के काम में भी उनकी उतनी ही लगन और श्रद्धा थी।

दिखावे से वे कोई सरोकार नहीं रखते थे। सिर्फ़ वही करते या कहते, जिसमें उनका आन्तरिक विश्वास होता। विधाता के मंगल-विधान में उनकी आस्था अडिग थी। लिखते भी वही थे, जिसे सर्वथा सत्य मानते थे। जब कभी उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि मेरा मत ठीक नहीं, तभी उन्होंने बेझिझक होकर अपनी भूल सुधार ली। यह भी उनकी सत्यनिष्ठा का एक और प्रमाण है।

बच्चों से उन्हें अपार प्यार था। बच्चों को वे प्यार ही नहीं करते थे, उनमें विश्वास भी करते थे, और उनका आदर भी करते थे। उन्हें नादान, अबोध और मूर्ख नहीं, बल्कि समझदार मानते थे। उनका विश्वास था कि कठिन विषय को भी सरल बनाकर समझाने पर बच्चे सारी बात हृदयंगम कर सकते हैं। बच्चों को डाटने-फटकारने के बजाय अगर उनके साथ खेला जाय और तर्क किया जाय तो उनके सर्वोत्तम गुण उभरकर विकास पायँगे। शान्तिनिकेतन के आश्रम में वे इसी सिद्धान्त पर चलते थे।

अपनी सुख-सुविधा की उन्हें कोई परवाह नहीं रहती थी। सादगी की सुन्दरता में उनका विश्वास अडिग था। लेकिन साथ ही, जीवन के जो भी सुख-विलास हैं, उन्हें वे ठुकराते कभी नहीं थे। जीवन की देन मानकर उन्हें ग्रहण करते थे। लेकिन विलास के बीच भी निर्लिप्त रहकर सुखों का उपभोग किया और जब भी अवसर आया, सहज भाव से उन्हें त्याग भी दिया।

नकली और बनावटी हर चीज़ से वह बचते थे। इसीसे उनका देश-प्रेम इतना गहरा हो उठा था। विदेशियों के गुणों के

प्रति वे श्रद्धावान् रहे, पर विदेशियों की नकल करना उनके लिए घृणा का विषय था। अपने साहित्य और जीवन से उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि हमें न तो अपने अतीत की नकल करनी चाहिए और न ग़ैरों के तौर-तरीकों की। हम जो कुछ भी हों, सचाई से वही बने रहें, तभी हम स्वस्थ और दृढ़ राष्ट्रीय संस्कृति का निर्माण कर सकते है। ऐसी संस्कृति का, जिसकी जड़ें तो देश की प्राचीन ज्ञान-भूमि में जमी रहें, पर हरी डालियाँ आज के युग-सूर्य की रश्मियाँ ग्रहण करने के लिए चारों ओर फैली हुई हों।

उनके गीत इसीके एक और सुस्पष्ट प्रमाण हैं। उनकी भाषा आधुनिक है, स्वर नये हैं, पर उनके माध्यम से हमारे प्राचीन पुरखे भी अपनी बात सुना जाते हैं। भाव, विचार, शब्द और संगीत का इतना सर्वाङ्गपूर्ण समन्वय सचमुच दुर्लभ है।

किसी भी देश या किसी भी युग में ऐसे लोग शायद ही हुए हों, जिन्होंने अपनी जनता के लिए इतनी अधिक और इतनी सुरुचिर कविताओं, गीतों, नाटकों, उपन्यासों, कहानियों और निबन्धों की विरासत छोड़ी हो। सहज विश्वास नहीं होता कि इन कृतियों की रचना के साथ-साथ ही कोई आदमी शिक्षा, समाज-सुधार और ललित कलाओं के क्षेत्रों में भी इतना कुछ कर सकता है!

इसलिए इस बात से किसी को कोई अचम्भा नहीं होगा कि रवीन्द्रनाथ के जन्म-दिन, ७ मई १८६१ ई० के ठीक सौ बरस बाद आज उनके देशवासी उन्हें इतने प्यार और इतनी कृतज्ञता के साथ याद कर रहे हैं। और अपने देशवासी ही क्यों? शतवार्षिकी के दिन सारे संसार के लोग उन्हें याद करेंगे। उन्होंने अपनी मातृ-भूमि के लिए सारे संसार का सम्मान और श्रद्धा अर्जित की थी। और सो भी ऐसे समय में, जब भारत स्वाधीन भी नहीं हो पाया था। यह काम वे इसलिए कर सके थे कि उन्होंने अपने-आपमें भारतीय चिन्ता-धारा और संस्कृति के उत्तम-से-उत्तम और उदात्त-से-उदात्त अवदानों को आत्मसात् कर लिया था।

देशेर माटि

ओ आमार	देशेर माटि, तोमार 'परे ठेकाइ माथा
तोमाते	विश्वमयीर, तोमाते विश्वमायेर आँचल पाता ॥
तुमि	मिशेछ मोर देहेर सने,
तुमि	मिलेछ मोर प्राणे मने,
तोमार ओइ	श्यामलबरन कोमल मूर्त्ति मर्मे गाँथा ॥
	तोमार कोले जनम आमार, मरण तोमार बुके।
	तोमार 'परेइ खेला आमार दुःखे सुखे ।
तुमि	अन्न मुखे तुले दिले,
तुमि	शीतल जले जुड़ाइले,
तुमि ये	सकल-सहा सकल-बहा मातार माता ॥
	अनेक तोमार खेयेछि गो, अनेक नियेछि मा—
तबु	जानि ने-ये की वा तोमाय दियेछि मा ।
आमार	जनम गेल मिछे काजे,
आमि	काटानु दिन घरेर माझे—
तुमि	वृथा आमाय शक्ति दिले शक्तिदाता ।

राजार बाड़ि

आमार राजार बाड़ि कोथाय केउ जाने ना से तो !
से बाड़ि कि थाकत यदि लोके जानते पेत।
रूपो दिये देयाल गाँथा, सोना दिये छात,
थाके थाके सिँड़ि ओठे सादा हातिर दाँत।
सातमहला कोठाय सेथा थाकेन सुयोरानी,
सात राजार धन मानिक-गाँथा गलार मालाखानि।
आमार राजार बाड़ि कोथाय शोन् मा, काने काने—
छादेर पाशे तुल्सि गाछेर टब आछे येइखाने ॥

राजकन्या घुमोय कोथा सात सागरेर पारे,
आमि छाड़ा आर केह ता पाय ना खुँजे तारे।
दु हाते तार काँकन दुटि, दुइ काने दुइ दुल,
खाटेर थेके माटिर 'परे लुटिये पड़े चुल।
घुम भेङे तार याबे यखन सोनार काठि छुँये
हासिते तार मानिकगुलि पड़बे झ'रे भुँये।
राजकन्या घुमोय कोथा शोन् मा, काने काने—
छादेर पाशे तुल्सि गाछेर टब आछे येइखाने ॥

तोमरा यखन घाटे चलो स्नानेर बेला हले
आमि तखन चुपिचुपि याइ से छादे चले।
पाँचिल बेये छायाखानि पड़े मा, येइ कोणे
सेइखानेते पा छड़िये बसि आपन-मने।

सङ्गे शुधु निये आसि मिनि बेड़ालटाके,
सेओ जाने नापित भाया कोन्‌खानेते थाके ।
जानिस नापित-पाड़ा कोथाय ? शोन् मा, काने काने—
छादेर पाशे तुल्‌सि गाछेर टब आछे येइखाने ॥

दूरेर डाक

शान्तिनिकेतन

तोमादेर बइये बोध हय पड़े थाकबे, पाखिरा माझे माझे बासा छेड़े दिये समुद्रेर ओपारे चले याय। आमि हच्चि सेइ-जातेर पाखि। माझे-माझे दूर पार थेके डाक आसे, आमार पाखा धड़फड़ करे ओठे। आमि एइ वैशाख मासेर शेष दिके जाहाजे चड़े प्रशान्त महासागरे पाड़ि देब बले आयोजन करचि। यदि कोनो बाधा ना घटे ताहले बेरिये प्रड़ब। पश्चिम दिकेर समुद्रपथ आजकाल युद्धेर दिने सकल समय पारेर दिके पौंछिये देय ना, तलार दिकेइ टाने। पूर्व दिकेर समुद्रपथ एखनो खोला आछे—कोन्‌दिन हयतो देखब सेखानेओ युद्धेर झड़ एसे पौंछेचे। याइ होक तोमार काशीर निमन्त्रण-ये भुलेचि ता मने कोरो ना; तुमि आयोजन ठिक करे रेखो, आमि केवल एकबार पथेर मध्ये अस्ट्रेलिया, जापान, आमेरिका प्रभृति दुटो चारटे जायगाय निमन्त्रण चट् करे सेरे निये तारपरे तोमार ओखाने गिये बेश आराम करे बसब—आमार जन्ये किन्तु छातु किम्वा रुटि, अड़रेर डाल एवं चाटनिर बन्दोबस्त करले चलबे ना; तोमादेर महाराज निश्चयइ खुब भालो राँधे, किन्तु तुमि यदि निजे स्वहस्ते शुकतानि थेके आरम्भ करे पायस पर्यन्त रेँधे ना खाओयाओ ताहले सेइ मुहूर्तेइ आमि—की करब एखनो ता ठिक करिनि—भावछिलुम ना खेयेइ सेइ मुहूर्तेइ आबार अस्ट्रेलिया चले याब—किन्तु प्रतिज्ञा राखते पारब किना एकटु सन्देह आछे सेइजन्येइ एखन किछु बललुम ना। किन्तु रान्ना अभ्यास हयनि बुझि? ताइ बल। केवलि पड़ा मुखस्थ करच? आच्छा, अन्तत एक बछर समय दिलुम—

एर मध्येइ मार काछे शिखे नियो। ताहले सेइ कथा रइल, आपातत आमाके कलकाताय येते हबे, बाक्सगुलो गुछिये फेला चाइ। आमि खुब भालो गोछाते पारि। केवल आमार एकटु यत्सामान्य दोष आछे— प्रधान-प्रधान दरकारी जिनिसगुलो प्याक करते प्रायइ भुले याइ— यखन तादेर दरकार हय ठिक सेइ समय देखि तादेर आना हयनि। एते विषम असुविधा हय बटे किन्तु गोछाबार भारि सुबिधे—केनना बाक्सेर मध्ये यथेष्ट जायगा पाओया याय, आर बोझा कम हओयाते रेलभाड़ा जाहाजभाड़ा अनेक कम लागे। दरकारी जिनिस ना निये अदरकारी जिनिस सङ्गे नेबार आर-एकटा मस्त सुबिधे हच्चे एइ ये—सेगुलो बारबार बेर-कराकरिर दरकार हय ना, बेश गोछानोइ थेके याय; आर यदि हारिये याय किंवा चुरि याय ताहलेओ काजेर विशेष व्याघात किंवा मनेर अशान्ति घटे ना। आज आर बेशि लेखबार समय नेइ, केनना आज तिनटेर गाड़ितेइ रओना हते हबे। गाड़ि फेल करबार आश्चर्य क्षमता आमार आछे, किन्तु से क्षमताटा आजके आमार पक्षे सुविधार हबे ना; अतएव तोमाके नववर्षेर आशीर्वाद जानिये आमि टिकिट किनते दौड़लुम।

इति २रा वैशाख, १३२५।

('भानुसिंहेर पत्रावली' का तीसरा पत्र)

बिष्टि पड़े टापुर टुपुर

दिनेर आलो निबे एल,
सुय्यि डोबे डोबे।
आकाश घिरे मेघ जुटेछे—
चाँदेर लोभे लोभे।

मेघेर उपर मेघ करेछे—
रङेर उपर रङ,
मन्दिरेते काँसर घण्टा
बाजल ठङ ठङ।

ओ पारेते बिष्टि एल,
झापसा गाछपाला।
ए पारेते मेघेर माथाय
एकशो मानिक ज्वाला।

बादला हाओयाय मने पड़े
छेलेबेलार गान—
बिष्टि पड़े टापुर टुपुर,
नदेय एल बान॥

आकाश जुड़े मेघेर खेला
कोथाय वा सीमाना।
देशे देशे खेले बेड़ाय
केउ करे ना माना।

कत नतुन फुलेर बने
बिष्टि दिये याय—
पले पले नतुन खेला
कोथाय भेबे पाय ।

मेघेर खेला देखे कत
खेला पड़े मने—
कत दिनेर नुकोचुरि
कत घरेर कोणे ।

तारि सङ्गे मने पड़े
छेलेबेलार गान—
बिष्टि पड़े टापुर टुपुर
नदेय एल बान ॥

मने पड़े घरटि आलो
मायेर हासिमुख,
मने पड़े मेघेर डाके
गुरु - गुरु बुक ।

बिछानाटिर एकटि पाशे
घुमिये आछे खोका,
मायेर 'परे दौरात्मि से
ना याय लेखाजोका ।

घरेते दुरन्त छेले
करे दापादापि,
बाइरेते मेघ डेके ओठे
सृष्टि ओठे काँपि ।

मने पड़े मायेर मुखे
शुनेछिलेम गान—

बिष्टि पड़े टापुर टुपुर
नदेय एल बान ॥

मने पड़े सुयोरानी
दुयोरानीर कथा,
मने पड़े अभिमानी
कङ्कावतीर व्यथा,

मने पड़े घरेर कोणे
मिटिमिटि आलो,
एकटा दिकेर देयालेते
छाया कालो कालो ।

बाइरे केवल जलेर शब्द
झुप् झुप् झुप्—
दस्यि छेले गल्प शोने
एकेबारे चुप ।

तारि सङ्गे मने पड़े
मेघला दिनेर गान—
बिष्टि पड़े टापुर टुपुर
नदेय एल बान ॥

कबे बिष्टि पड़ेछिल
बान एल से कोथा !
शिवठाकुरेर बिये हल
कबेकार से कथा !

से दिनओ कि एमनितरो
मेघेर घटाखाना ?

थेके थेके बाज बिजुलि
दिच्छिल कि हाना ?

तिन कन्ये बिये क’रे
की हल तार शेषे ?
ना जानि कोन् नदीर धारे
ना जानि कोन् देशे

कोन् छेलेरे घुम पाड़ाते
के गाहिल गान—
बिष्टि पड़े टापुर टुपुर
नदेय एल बान ॥

शम्भु

गुप्तिपाड़ार विश्वम्भर-बाबु पाल्कि च'ड़े चलेछेन सप्तग्राम। फाल्गुन मास। किन्तु एखनो खुब ठाण्डा। किछु आगे प्राय सप्ताह ध'रे वृष्टि हये गेछे। विश्वम्भर-बाबुर गाये एक मोटा कम्बल। पाल्किर सङ्गे चलेछे ताँर शम्भु चाकर, हाते एक लम्बा लाठि। पाल्किर छादे ओषुधेर बाक्स, दड़ि दिये बाँधा। शम्भुर गाये अद्भुत जोर। एकबार कुम्भीरार जङ्गले ताके भल्लुके धरेछिल। सङ्गे बन्दुक छिल ना। शुद्ध केवल लाठि निये भल्लुकेर सङ्गे तार युद्ध ह'ल। शम्भुर हातेर लाठि खेये भल्लुकेर मेरुदण्ड गेल भेङे। तार आर उत्थानशक्ति रइल ना। आर एकबार शम्भु बिश्वम्भर-बाबुर संगे गियेछिल स्वर्णगञ्जे। सेखाने पद्मानदीर चरे रान्ना चड़ाते हबे। तखन ग्रीष्मकालेर मध्याह्न। पद्मार धारे छोटो छोटो झाउ गाछेर जङ्गल। उनान धरानो चाइ। दा दिये शम्भु झाउडाल केटे आँटि बाँधल। असह्य रौद्र। बड़ो तृष्णा पेयेछे। नदीते शम्भु जल खेते गेल। एमन समय देखले, एकटा बाछुरके धरेछे कुमीरे। शम्भु एक लम्फे जले प'ड़े कुमीरेर पिठे च'ड़े बसल। दा दिये तार गलाय पोंच दिते लागल। जल लाल हये उठल रक्ते। कुमीर यन्त्रणाय बाछुरके दिल छेड़े। शम्भु साँतार दिये डाङाय उठे एल।

विश्वम्भर-बाबु डाक्तार। रोगी देखते चलेछेन बहु दूरे। सेखाने इस्टिमार-घाटेर इस्टेशन-मास्टर मधु विश्वास। ताँर छोटो छेलेर अम्लशूल, बड़ो कष्ट पाच्छे।

विष्णुपुरेर पश्चिम धारेर माठ प्रकाण्ड। सेखाने यखन पाल्कि एल तखन सन्ध्या हये एसेछे। राखाल गोरु निये चलेछे गोष्ठे

फिरे। विश्वम्भर-बाबु ताके डेके जिज्ञासा करलेन, "ओहे बापु, सप्तग्राम कत दूरे बलते पारो ?"

राखाल बलले, "आज्ञे, से तो सात क्रोश हबे। आज सेखाने याबेन ना। पथे भीष्महाटेर माठ, तार काछे श्मशान। सेखाने डाकातेर भय।"

डाक्तार बललेन, "बाबा, रोगी कष्ट पाच्छे, आमाके येतेइ हबे।"

तिल्पनि खालेर धारे यखन पाल्कि एल रात्रि तखन दशटा। बाँधन आलगा हये पाल्किर छाद थेके डाक्तारेर बाक्सटा गेल प'ड़े। क्यास्टर अयेलेर शिशि भेङे चूर्ण हये गेल। बाक्सटा तो फेर शक्त क'रे बाँधले। किन्तु आबार विपद। खाल पेरिये आन्दाज दु क्रोश पथ गेछे, एमन समय मड़्मड़् क'रे डाण्डा गेल भेङे, पाल्किटा पड़ल माटिते। पाल्कि हालका काठे तैरी; बिश्वम्भर-बाबुर देहटि स्थूल।

एमन समय बेहारादेर सर्दार बुद्धु एसे बलले, "ऐ-ये कारा आसछे, ओरा डाकात सन्देह नेइ।"

विश्वम्भर-बाबु बललेन, "भय की, तोरा तो सबाइ आछिस।"

बुद्धु बलले, "बल्गु पालियेछे, पल्लुकेओ देखछि ने। बक्सि लुकियेछे ऐ झोपेर मध्ये। भये विष्णुर हात पा आड़ष्ट।"

शुने डाक्तार तो भये कम्पित। डाकलेन, "शम्भु।"

शम्भु बलले, "आज्ञे।"

डाक्तार बललेन, "एखन उपाय की ?"

शम्भु बलले, "भय नेइ, आमि आछि।"

डाक्तार बललेन, "ओरा ये पाँचजन।"

शम्भु बलले, "आमि ये शम्भु।" एइ ब'ले उठे दाँड़िये एक लम्फ दिले, गर्जन क'रे बलले, "खबर्दार।"

डाकातेरा अट्टहास्य क'रे एगिये आसते लागल। तखन शम्भु

पाल्किर सेइ भाङा डाण्डाखाना तुले निये ओदेर दिके छुँड़े मारले। तारि एक घाये तिनजन एकसङ्गे पड़े गेल। तार परे शम्भु लाठि घुरिये येइ ओदेर मध्ये झाँपिये पड़ल बाकि दुजने दिल दौड़।

तखन डाक्तार-बाबु डाकलेन, "शम्भु।"

शम्भु बलले, "आज्ञे।"

विश्वम्भर-बाबु बललेन, "एइबार बाक्सटा बेर करो।"

शम्भु बलले, "केन, बाक्स निये की हबे ?"

डाक्तार बललेन, "ऐ तिनटे लोकेर डाक्तारि करा चाइ। ब्याण्डेज बाँधते हबे।"

रात्रि तखन अल्पइ बाकि। बिश्वम्भर-बाबु आर शम्भु दुजने मिले तिनजनेर शुश्रूषा करलेन।

सकाल हयेछे। छिन्न मेघेर मध्य दिये सूर्येर रश्मि फेटे पड़छे। एके एके सब बेहरा फिरे आसे। बलगु एल, पल्लु एल, बक्सिर हात धरे एल विष्णु, तखनो तार हृत्पिण्ड कम्पमान।

('सहज पाठ' भाग २ का बारहवाँ पाठ)

कालो राति गेल घुचे

कालो राति गेल घुचे
आलो तारे दिल मुछे।
पुब दिके घुम-भाङा
हासे उषा चोख-राङा।
नाहि जानि कोथा थेके
डाक दिल चाँदेरे के।
भये भये पथ खुँजि
चाँद ताइ याय बुझि।
तारागुलि निये बाति
जेगे छिल सारा राति।
नेमे एल पथ भुले
बेलफुले जुँइफुले।
वायु दिके दिके फेरे
डेके डेके सकलेरे।
बने बने पाखि जागे।
मेघे मेघे रङ लागे।
जले जले ढेउ ओठे।
डाले डाले फुल फोटे।

नाम तार मोतिबिल

नाम तार मोतिबिल, बहु दूर जल,
हाँसगुलि भेसे भेसे करे कोलाहल ।

पाँके चेये थाके बक, चिल उड़े चले,
माछराङा भुप क'रे पड़े एसे जले ।

हेथा होथा डाङा जागे घास दिये ढाका,
माझे माझे जलधारा चले आँका बाँका ।

कोथाओ वा धानखेत जले आधो डोबा,
तारि परे रोद पड़े, किवा तार शोभा ।

डिङि च'ड़े आसे चाषी, केटे लये धान,
बेला गेले गाँये फेरे गेये सारिगान ।

मोष निये पार हय राखालेर छेले,
बाँशे बाँधा जाल निये माछ धरे जेले ।

मेघ चले भेसे भेसे आकाशेर गाय,
घन शेओलार दल जले भेसे याय ।

तोता-काहिनी

एक ये छिल पाखी । से छिल मूर्ख । से गान गाहित, शास्त्र पड़ित ना । लाफाइत, उड़ित; जानित ना कायदा-कानुन काके बले ।

राजा बलिलेन, 'एमन पाखि तो काजे लागे ना, अथच बनेर फल खाइया राजहाटे फलेर बाजारे लोकसान घटाय ।'

मन्त्री के डाकिया बलिलेन, 'पाखिटाके शिक्षा दाओ ।'

२

राजार भागिनादेर उपर भार पड़िल पाखिटाके शिक्षा दिबार ।

पण्डितेरा बसिया अनेक बिचार करिलेन । प्रश्नटा एइ, उक्त जीवेर अविद्यार कारण की ?'

सिद्धान्त हइल, सामान्य खड़कुटा दिया पाखि ये बासा बाँधे से बासाय विद्या बेशि धरे ना । ताइ सकलेर आगे दरकार, भालो करिया खाँचा बानाइया देओया ।

राजपण्डितेरा दक्षिणा पाइया खुशि हइया बासाय फिरिलेन ।

३

स्याकरा बसिल सोनार खाँचा बानाइते । खाँचाटा हइल अमन आश्चर्य ये, देखिबार जन्य देश-विदेशेर लोक झुँकिया पड़िल। केह बले, 'शिक्षार एकेबारे हद्दमुद्द ।' केह बले, 'शिक्षा यदि नाओ हय, खाँचा तो हइल ! पाखिर की कपाल !'

स्याकरा थलि बोझाइ करिया बकशिश पाइल । खुशि हइया

से तखनि पाड़ि दिल बाड़िर दिके।

पण्डित बसिलेन पाखिके विद्या शिखाइते। नस्य लइया बलिलेन, 'अल्प पुँथिर कर्म नय।'

भागिना तखन पुँथि-लिखकदेर तलब करिलेन। तारा पुँथिर नकल करिया एवं नकलेर नकल करिया पर्वतप्रमाण करिया तुलिल। ये देखिल सेइ बलिल, 'साबास! बिद्या आर धरे ना।'

लिपिकरेर दल पारितोषिक लइल बलद बोझाइ करिया। तखनि घरेर दिके दौड़ दिल। तादेर संसारे आर टानाटानि रहिल ना।

अनेक दामेर खाँचाटार जन्य भागिनादेर खबरदारिर सीमा नाइ। मेरामत तो लागियाइ आछे। तार परे झाड़ा मोछा पालिश-करार घटा देखिया सकलेइ बलिल, 'उन्नति हइतेछे।'

लोक लागिल बिस्तर एवं तादेर उपर नजर राखिबार जन्य लोक लागिल आरओ बिस्तर। तारा मास-मास मुठा-मुठा तनखा पाइया सिन्धुक बोझाइ करिल।

तारा एवं तादेर मामातो खुड़तुतो मासतुतो भाइरा खुशि हइया कोठा-बालाखानाय गदि पतिया बसिल।

४

संसारे अन्य अभाव अनेक आछे, केवल निन्दुक आछे यथेष्ट। तारा बलिल, 'खाँचाटार उन्नति हइतेछे, किन्तु पाखिटार खबर केह राखे ना।'

कथाटा राजार काने गेल। तिनि भागिना के डाकिया बलिलेन 'भागिना, ए की कथा शुनि!'

भागिना बलिल, 'महाराज, सत्य कथा यदि शुनिबेन तबे डाकुन स्याकरादेर, पण्डितदेर, लिपिकरदेर; डाकुन यारा मेरामत करे एवं मेरामत तदारक करिया बेड़ाय। निन्दुकगुलो खाइते पाय ना बलियाइ मन्द कथा बले।

जबाब शुनिया राजा अवस्थाटा परिष्कार बुझिलेन, आर तखनि भागिनार गलाय सोनार हार चड़िल ।

५

शिक्षा ये की भयङ्कर तेजे चलितेछे, राजार इच्छा हइल स्वयं देखिबेन । एक दिन ताइ पात्र मित्र अमात्य लइया शिक्षा-शालाय तिनि स्वयं आसिया उपस्थित ।

देउड़िर काछे अमनि बाजिल शाँख घण्टा ढाक ढोल काड़ा नाकाड़ा तुरि भेरि दामामा काँसि बाँशि काँसर खोल करताल मृदंग जगझम्प । पण्डितेरा गला छाड़िया, टिकि नाड़िया, मन्त्रपाठे लागिलेन । मिस्त्रि मजुर स्याकरा लिपिकर तदारक-नबिश आर मामातो पिसतुतो खुड़तुतो एवं मासतुतो भाइ जयध्वनि तुलिल ।

भागिना बलिल, 'महाराज काण्डटा देखितेछेन ?'

महाराज बलिलेन, 'आश्चर्य ! शब्द कम नय ।'

भागिना बलिल, 'शुधु शब्द नय, पिछने अर्थओ कम नाइ ।'

राजा खुशि हइया देउड़ि पार हइया येइ हातिते उठिबेन एमन समय, निन्दुक छिल झोपेर मध्ये गा ढाका दिया, से बलिया उठिल, 'महाराज, पाखिटाके देखियाछेन कि ?'

राजार चमक लागिल; बलिलेन, 'ओइ या ! मने तो छिल ना । पाखिटाके देखा हय नाइ ।'

फिरिया आसिया पण्डितके बलिलेन, 'पाखिके तोमरा केमन शेखाओ तार कायदाटा देखा चाइ ।'

देखा हइल । देखिया बड़ो खुशि । कायदाटा पाखिटार चेये एत बेशि बड़ो ये, पाखिटाके देखाइ याय ना; मने हय, ताके ना देखिलेओ चले । राजा बुझिलेन, आयोजनेर त्रुटि नाइ । खाँचाय दाना नाइ, पानि नाइ; केवल राशि राशि पुँथि हइते राशि राशि पाता छिँड़िया कलमेर डगा दिया पाखिर मुखेर मध्ये ठासा हइतेछे । गान तो बन्धइ—चीत्कार करिबार फाँकटुकु पर्यन्त बोजा । देखिले

शरीरे रोमाञ्च हय।

एबारे राजा हातिते चड़िबार समय कानमला-सर्दारके बलिया दिलेन, निन्दुकेर येन आच्छा करिया कान मलिया देओया हय।

६

पाखिटा दिने दिने भद्रदस्तुर-मत आधमरा हइया आसिल। अभिभावकेरा बुझिल, बेश आशाजनक। तबु स्वभावदोषे सकाल बेलार आलोर दिके पाखि चाय आर अन्याय रकमे पाखा छट्फट् करे। एमन-कि, एक-एकदिन देखा याय, से तार रोगा ठोंट दिया खाँचार शला काटिबार चेष्टाय आछे।

कोतोयाल बलिल, 'एकि बेयादबि!'

तखन शिक्षामहले हापर हातुड़ि आगुन लइया कामार आसिया हाजिर। की दमाद्दम पिटानि! लोहार शिकल तैरि हइल, पाखिर डानाओ गेल काटा।

राजार सम्बन्धीरा मुख हाँड़ि करिया माथा नाड़िया बलिल, 'ए राज्ये पाखिदेर केवल ये आक्किल नाइ ता नय, कृतज्ञताओ नाइ।'

तखन पण्डितेरा एक हाते कलम, एक हाते सड़कि लइया, एमनि काण्ड करिल याके बले शिक्षा।

कामारेर पसार बाड़िया कामारगिन्निर गाये सोनादाना चड़िल एवं कोतोयालेर हुँशियारि देखिया राजा ताके शिरोपा दिलेन।

७

पाखिटा मरिल। कोन्काले ये, केउ ता ठाहर करिते पारे-नाइ।

निन्दुक लक्ष्मीछाड़ा रटाइल, 'पाखि मरियाछे।'

भागिनाके डाकिया राजा बलिलेन, 'भागिना, ए की कथा

शुनि !'

भागिना बलिल, 'महाराज, पाखिटार शिक्षा पुरो हइयाछे।'

राजा शुधाइलेन, 'ओ कि आर लाफाय ?'

भागिना बलिल, 'आरे राम !'

'आर कि ओड़े ?'

'ना ।'

'आर कि गान गाय ?'

'ना ।'

'दाना ना पाइले आर कि चेंचाय ?'

'ना ।'

राजा बलिलेन, 'एकबार पाखिटाके आनो तो, देखि ।'

पाखि आसिल । सङ्गे कोतोयाल आसिल, पाइक आसिल, घोड़सओयार आसिल ।

राजा पाखिटाके टिपिलेन। से हाँ करिल ना, हुँ करिल ना । केवल तार पेटेर मध्ये पुँथिर शुकनो पाता खस्खस् गज्गज् करिते लागिल ।

बाहिरे नववसन्तेर दक्षिणहाओयाय किशलयगुलि दीर्घ निश्वासे मुकलित वनेर आकाश आकुल करिया दिल ।

माघ १३२४]

मुनशी

आच्छा दादामशाय, तोमादेर सेइ मुनशीजि एखन कोथाय आछेन।

एइ प्रश्नेर जबाब दिते पारब तार समयटा बुझि काछे एसेछे, तबु हयतो किछुदिन सबुर करते हबे।

फेर अमन कथा यदि तुमि बल, ता हले तोमार सङ्गे कथा बन्ध करब।

सर्वनाश, तार चेये ये मिथ्ये कथा बलाओ भालो। तोमार दादामशाय यखन स्कुल-पालाने छेले छिल तखन मुनशीजि छिलेन, ठिक कत वयसे, ता बला शक्त।

तिनि बुझि पागल छिलेन ?

हाँ, येमन पागल आमि।

तुमि आबार पागल ? की ये बल तार ठिक नेइ।

ताँर पागलामिर लक्षण शुनले बुझते पारबे, आमार सङ्गे तार आश्चर्य मिल।

की रकम शुनि।

येमन तिनि बलतेन, जगते तिनि अद्वितीय। आमिओ ताइ बलि।

तुमि या बल से तो सत्यि कथा। किन्तु तिनि या बलतेन ता ये मिथ्ये।

देखो दिदि, सत्य कखनो सत्यइ हय ना यदि सकलेर सम्बन्धेइ से ना खाटे। विधाता लक्षकोटि मानुष बानियेछेन, ताँरा प्रत्येकेइ अद्वितीय। ताँदेर छाँच भेङे फेलेछेन। अधिकांश लोके निजेके

पाँचजनेर समान मने क'रे आराम बोध करे। दवात् एक-एकजन लोकके पाओया याय यारा जाने, तादेर जुड़ि नेइ। मुनशी छिलेन सेइ जातेर मानुष !

दादामशाय, तुमि एकटु स्पष्ट करे ताँर कथा बलो-ना, तोमार अर्धेक कथा आमि बुझते पारि ने।

क्रमे क्रमे बलछि, एकटु धैर्य धरो।—

आमादेर बाड़िते छिलेन मुनशी, दादाके फार्सि पड़ातेन। काठामोटा ताँर बानिये तुलते मांसेर पड़ेछिल टानाटानि। हाड़ क'खानार उपरे एकटा चामड़ा छिल लेगे, येन मोमजामार मतो। देखे केउ आन्दाज करते पारत ना ताँर क्षमता कत। ना पारबार हेतु एइ ये, क्षमतार कथाटा जानतेन केवल तिनि निजे। पृथिवीते बड़ो बड़ो सब पालोयान कखनो जेते कखनो हारे। किन्तु, ये तालिम निये मुनशीर छिल गुमर ताते तिनि कखनो कारओ काछे हटेन नि। ताँर बिद्येते कारओ काछे तिनि ये छिलेन कम्ति सेटार नजिर बाइरे थाकते पारे, छिल ना ताँर मने। यदि हत फार्सि-पड़ा विद्ये ता हले कथाटा सहजे मेने निते राजी छिल लोके। किन्तु, फार्सिर कथा पाड़लेइ बलतेन, आरे ओ कि एकटा विद्ये। किन्तु, ताँर विश्वास छिल आपनार गाने। अथच ताँर गलाय ये आओयाज बेरोत सेटा चेंचानि किम्वा काँदुनिर जातेर, पाड़ार लोके छुटे आसत बाड़िते किछु विपद घटे छे मने क'रे। आमादेर बाड़िते नामजादा गाइये छिलेन विष्णु, तिनि कपाल चापड़िये बलतेन, मुनशीजि आमार रुटि मारलेन देखछि। विष्णुर एइ हताश भावखाना देखे मुनशी विशेष दुःखित हतेन ना—एकटु मुचके हासतेन मात्र। सबाइ बलत, मुनशीजि, की गला-इ भगवान आपनाके दियेछेन। खोशनामटा मुनशी निजेर पाओना बलेइ टेँके गुँजतेन। एइ तो गेल गान।

आरओ एकटा विद्ये मुनशीर दखले छिल। तारओ समजदार पाओया येत ना। इंरेजि भाषाय कोनो हाड़पाका इंरेजओ

তাঁর सामने दाँड़ाते पारे ना, एइ छिल ताँर विश्वास। एकबार वक्तृतार आसरे नाबले सुरेन्द्र बाँड़ुज्जेके देशछाड़ा करते पारतेन केवल यदि इच्छे करतेन। कोनोदिन तिनि इच्छे करेन नि। विष्णुर रुटि बेंचे गेल, सुरेन्द्रनाथेर नामओ। केवल कथाटा उठले मुनशी एकटु मुचके हासतेन।

किन्तु, मुनशीर इंरेजि भाषाय दखल निये आमादेर एकटा पापकर्मेर विशेष सुविधा हयेछिल। कथाटा खुले बलि। तखन आमरा पड़तुम बेङ्गल एकाडेमिते, डिक्रूज साहेब छिलेन इस्कुलेर मालिक। तिनि ठिक करे रेखेछिलेन, आमादेर पड़ाशुनो कोनोकालेइ हबे ना। किन्तु भाबना की। आमादेर विद्येओ चाइ ने, बुद्धिओ चाइ ने, आमादेर आछे पैतृक सम्पत्ति। तबुओ ताँर इस्कुल थेके छुटि चुरि करे निते हले तार चलति नियमटा मानते हत। कर्तादेर चिठिते छुटिर दाबिर कारण देखाते हत। से चिठि यत बड़ो जालइ होक, डिक्रूज साहेब चोख बुजे दितेन छुटि। माइनेर पाओनाते लोकसान ना घटले ताँर भाबना छिल ना। मुनशीके जानातुम छुटि मञ्जुर हयेछे। मुनशी मुख टिपे हासतेन। हबे ना? बास् रे, ताँर इंरेजि भाषार की जोर। से इंरेजि केवल व्याकरणेर ठेलाय हाइकोर्टेर जजेर राय घुरिये दिते पारत। आमरा बलतुम 'निश्चय'। हाइ-कोर्टेर जजेर काछे कोनोदिन ताँके कलम पेश करते हय नि।

किन्तु, सब-चेये ताँर जाँक छिल लाठि-खेलार कार्दानि निये। आमादेर बाड़िर उठोने रोद्दुर पड़लेइ ताँर खेला शुरु हत। से खेला छिल निजेर छायाटार सङ्गे। हुंकार दिये घा लागातेन कखनो छायाटार पाये, कखनो तार घाड़े, कखनो तार माथाय। आर, मुख तुले चेये चेये देखतेन चारि दिके यारा जड़ो हत तादेर दिके। सबाइ बलत, साबास्! बलत, छायाटा ये बर्तिये आछे से छायार बापेर भाग्यि। एइ थेके एकटा कथा शेखा याय ये, छायार सङ्गे लड़ाइ करे कखनो हार हय ना। आर-एकटा कथा एइ ये, निजेर मने यदि जानि 'जितेछि' ता हले से जित केउ केड़े निते पारे ना। शेष दिन पर्यन्त

मुनशीजिर जित रइल। सबाइ बलत 'साबास्', आर मुनशी मुख टिपे हासतेन।

दिदि, एखन बुझते पारछ, ओर पागलामिर सङ्गे आमार मिल कोथाय। आमिओ छायार सङ्गे लड़ाइ करि। से लड़ाइये आमि ये जिति तार कोनो सन्देह थाके ना। इतिहासे छायार लड़ाइके सत्यि लड़ाइ ब'ले वर्णना करे।

वनवास

बाबा यदि रामेर मतो
पाठाय आमाय वने,
येते आमि पारि ने कि
तुमि भावछ मने ?

चोद्द बछर क'दिने हय
जानि ने मा, ठिक—
दण्डक-वन आछे कोथाय
ऐ माठे कोन् दिक।

किन्तु आमि पारि येते,
भय करि ने ताते
लक्ष्मण भाइ यदि आमार
थाकत साथे साथे ॥

वनेर मध्ये गाछेर छायाय
बेंधे नितेम घर—
सामने दिये बइत नदी,
पड़त बालिर चर।

छोटो एकटि थाकत डिङि,
पारे येतेम बेये—
हरिण च'रे बेड़ाय सेथा,
काछे आसत धेये।

गाछेर पाता खाइये दितेम
আमि निजेर हाते—
लक्ष्मण भाइ यदि आमार
थाकत साथे साथे ॥

कत ये गाछ छेये थाकत
कत रकम फुले,
माला गेँथे परे नितेम
जड़िये माथार चुले।

नाना रङेर फलगुलि सब
भुँये पड़त पेके,
झुड़ि भ'रे भ'रे एने
घरे दितेम रेखे।

खिदे पेले दुइ भायेते
खेतेम पद्मपाते—
लक्ष्मण भाइ यदि आमार
थाकत साथे साथे ॥

रोदेर बेलाय अशथ-तलाय
घासेर 'परे आसि
राखाल-छेलेर मतो केवल
बाजाइ बसे बाँशि।

डालेर 'परे मयूर थाके,
पेखम पड़े झुले—
काठबेड़ालि छुटे बेड़ाय
न्याजटि पिठे तुले।

कखन आमि घुमिये येतेम
दुपुर बेलार ताते—
लक्ष्मण भाइ यदि आमार
थाकत साथे साथे ॥

सन्धेबेलाय कुड़िये आनि
शुकोनो डालपाला,
वनेर धारे बसे थाकि
आगुन ह्ले ज्वाला।

पाखिरा सब बासाय फेरे,
दूरे शियाल डाके—
सन्धेतारा देखा ये याय
डालेर फाँके फाँके।

मायेर कथा मने करि
बसे आँधार राते—
लक्ष्मण भाइ यदि आमार
थाकत साथे साथे।

ठाकुरदादार मतो वने
आछेन ऋषि मुनि,
ताँदेर पाये प्रणाम करे
गल्प अनेक शुनि।

राक्षसेरे भय करि ने,
आछे गुहक मिता—
रावण आमार की करबे मा,
नेइ तो आमार सीता।

हनुमानके यत्न करे
खाओयाइ दुधे भाते—
लक्ष्मरण भाइ यदि आमार
थाकत साथे साथे ।।

मा गो, आमाय दे-ना केन
एकटि छोटो भाइ—
दुइजनेते मिले आमरा
वने चले याइ ।

आमाके मा, शिखिये दिबि
राम-यात्रार गान—
माथाय बेँधे दिबि चुड़ो,
हाते धनुक-बारण ।

चित्रकूटेर पाहाड़े याइ
एम्‌नि बरषाते—
लक्ष्मरण भाइ यदि आमार
थाकत साथे सांथे ।।

छात्रेर परीक्षा

छात्र श्रीमधुसूदन। श्रीयुक्त कालाचाँद मास्टर पड़ाइतेछेन
अभिभावकेर प्रवेश

अभिभावक : मधुसूदन पड़ाशुनो केमन करछे कालाचाँदबाबु ?

कालाचाँद : आज्ञे, मधुसूदन अत्यन्त दुष्ट बटे, किन्तु पड़ाशुनोय खुब मजबुत। कखनो एक बार बइ दुबार बले दिते हय ना। येटि आमि एकबार पड़िये दियेछि सेटि कखनो भोले ना।

